Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

قُلِ اللّٰهُمَّ مٰلِكَ الْمُلْكِ تُؤْتِی الْمُلْكَ مَنْ تَشَآءُ
وَتَنْزِعُ الْمُلْكَ مِمَّنْ تَشَآءُ وَتُعِزُّ مَنْ تَشَآءُ
وَتُذِلُّ مَنْ تَشَآءُ بِيَدِكَ الْخَيْرُ ⊙

(सूरत आले-इम्रान आयत :27)

अनुवाद: तू कह दे हे मेरे अल्लाह! सलतनत के मालिक! जू जिसे चाहे शासन प्रदान करे और जिस से चाहे छीन लेता है। और तू जिसे चाहे सम्मान प्रदान करता है और जिसे चाहे अपमानित कर देता है। भलाई तेरे ही हाथ में है

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّی عَلٰی رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰی عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ
وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 4

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 24

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

9 शव्वाल 1440 हिजरी कमरी 13 इहसान 1397 हिजरी शमसी 13 जून 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़ज़ल नाज़िल करे। आमीन

इन्सानों के नफ्स अर्थात रिबात भी शिक्षित होने चाहिए उन की शक्तियां और ताकतें इस तरह की होनी चाहिए कि अल्लाह तआला का सीमाओं के नीचे चलें।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

रिबात के अर्थ

रिबात उन घोड़ों को कहते हैं जो दुश्मन की सरहद पर बाँधे जाते हैं। अल्लाह तआला सहाबा रज़ि को दुश्मनों के मुक़ाबला के लिए तय्यार रहने का हुक्म देता है और इस रिबात के लफ़्ज़ से उन्हें पूरी और सच्ची तैयारी की तरफ़ ध्यान दिलाता है। उनके सपुर्द दो काम थे। एक ज़ाहिरी दुश्मनों का मुक़ाबला और एक वह रुहानी मुक़ाबला करते थे और रिबात शब्द कोश में नफ़स और इन्सानी दिल को भी कहते हैं और फिर एक सूक्ष्म बात है कि घोड़े वही काम आते हैं जो सिधाए हुए और शिक्षा प्राप्त हों। आजकल घोड़ों की तालीम तथा तर्बीयत का इसी अंदाज़ पर लिहाज़ रखा जाता है और इसी तरह उनको सिधाया सिखाया जाता है जिस तरह बच्चों को स्कूलों में ख़ास एहतियात और ध्यान से शिक्षा दी जाती है। अगर उनको शिक्षा ना दी जाए और वे सिधाए ना जाएं तो वे बिलकुल निकम्मे हूँ और वे बजाय मुफ़ीद होने के ख़ौफ़नाक और कष्टदायक साबित हों।

यह इशारा इस बात की तरफ़ भी है कि इन्सानों के नफ़ूस अर्थात रिबात भी शिक्षा प्राप्त होने चाहिऐं और उनकी क़ुव्वतें और ताक़तें ऐसी होनी चाहिऐं कि अल्लाह तआला की सीमाओं के नीचे नीचे चलें। क्योंकि अगर ऐसा ना हो तो वे इस युद्ध और जंग का काम ना दे सकेंगे जो इन्सान और इस के ख़ौफ़नाक दुश्मन अर्थात शैतान के बीच अंदरूनी तौर पर हर क्षण और हर-आन जारी है। जैसा कि लड़ाई और मैदान जंग में इलावा शारीरित शक्ति के शिक्षा प्राप्त होना भी ज़रूरी है इसी तरह इस अंदरूनी जंग और जिहाद के लिए नफ़ूस इन्सानी की तर्बीयत और मुनासिब शिक्षा अभिप्राय है और अगर ऐसा ना हो तो इस का नतीजा यह होगा कि शैतान इस पर ग़ालिब आ जाएगा और वे बहुत बुरी तरह ज़लील और अपमानित होगा। जैसे अगर एक आदमी तोप तलवार, शस्त्र बंदूक़ इत्यादि तो रखता हो लेकिन इस के इस्तेमाल और चलाने से नावाक़िफ़ हो। तो वह दुश्मन के मुक़ाबला में कभी ज़िम्मेदारी अदा नहीं कर सकता और तीर तथा तलवार और युद्ध का सामान भी एक आदमी रखता हो और उनका इस्तिमाल भी जानता हो लेकिन इस के बाज़ू में ताक़त ना हो तो भी वह कामयाब नहीं हो सकता। इस से मालूम हुआ कि सिर्फ तरीक़ा और इस्तिमाल का तर्ज़ सीख लेना भी लाभदायत और मुफ़ीद नहीं हो सकता जब तक कि व्यायाम और कोशिश कर के बाज़ू में ताकत और क़ुव्वत पैदा ना की जाए। अब अगर एक आदमी जो तलवार चलाना तो जानता है लेकिन व्यायाम और कोशिश नहीं रखता तो युद्ध के मैदान में जा कर जूंही तीन चार बार तलवार को हरकत देगा और दो एक हाथ मारेगा उस के बाज़ू निकम्मे हो जाऐंगे और वे थक कर बिलकुल बेकार हो जाएगा और ख़ुद ही आख़िर दुश्मन का शिकार हो जाएगा।

मुजाहिदा और रियाज़त

अत: समझ लो और ख़ूब समझ लो कि केवल इलम तथा फ़न और ख़ुशक तालीम भी कुछ काम नहीं दे सकती। जब तक कि अमल और मुजाहिदा और रियाज़त ना हो। देखो सरकार भी फ़ौजों को इसी ख़्याल से बेकार नहीं रहने देती। ठीक अमन तथा आराम के दिनों में भी नक्ली जंग बरपा कर के फ़ौजों को बेकार नहीं होने देती और मामूली तौर पर चांद मारी और परेड वग़ैरा तो होती ही रहती है।

जैसा अभी मैंने बयान किया कि युद्ध के मैदान में कामयाब होने के लिए जहां एक तरफ़ तरीक़ इस्तिमाल असलह वग़ैरा की तालीम और वाक़फ़ीयत की ज़रूरत है वहां दूसरी तरफ़ व्यायाम और यथा योग्य प्रयोग की भी बड़ी भारी ज़रूरत है और इसी तरह जंग में शिक्षा प्राप्त घोड़े चाहिऐ। अर्थात ऐसे घोड़े जो तोपों और बंदूक़ो की आवाज़ से ना डरें और धूल से घबरा न जाएं तथा पीछे ना हटें बल्कि आगे ही बढ़ें। इसी तरह इन्सानी नफ़्स पूर्ण वरज़िश और पूरी रियाज़त और हक़ीक़ी शिक्षा के बिना अल्लाह के दुश्मनों के मुक़ाबिल युद्ध के मैदान में कामयाब नहीं हो सकते।

अरबी भाषा की ख़ूबी

अरबी शब्दकोष भी अजीब चीज़ है। मुक़ाबला भी इसी पर ख़त्म है। रिबात का शब्ग जो उपर वर्णन की गई आयत में आया है जहां दुनियावी जंग तथा युद्ध और जंग के फ़नून की फ़िलास्फ़ी पर आधारित है वहां रुहानी तौर पर अंदरूनी जंग और मुजाहिदा नफ़स की हक़ीक़त और ख़ूबी को भी ज़ाहिर करता है। यह एक अजीब सिलसिला है। इसी लिए अरबी ज़बान उम्मुल अलसिना (सब भाषाओं की मां) है। इस से वह काम 3.निकलते हैं जो दूसरी भाषा से मुम्किन नहीं और इंशाअल्लाह यह मआरिफ़ निहायत वज़ाहत और सुक्ष्मता से किताब "मिननुर्रहमान" के माध्यम से प्रकट होंगे जो मैंने आजकल अरबी भाषा की फ़ज़ीलत और इस को उम्मुल अल्सासिना बित करने के बारह में लिखनी शुरू की है। मालूम हो जाएगा कि यूरोपीयन लोगों की तहक़ीक़ातें बिलकुल ना-मुकम्मल और अधूरी हैं। और उनको भी पता लग जाएगा कि ज़बानों की गुम माँ भी इस ज़माना ही में जहां और गुम हुई धार्मिक सदाक़तें मिल गई हैं, मिल गई है और वह अरबी ही है। अत: अरबी ज़बान के शब्दकोष जिस्मानी सिलसिला में रुहानी सिलसिला भी दिखाती जाती है। इसलिए कि जिस्मानी मामले और जिस्मानी बातें ख़ारिजी तौर पर हमारे मुशाहिदा में आती हैं और हम उनकी अवस्था को बहुत सुविधा और आसानी से समझ सकते हैं। अत: उन पर अन्दाज़ा कर के रुहानी सिलसिला और रुहानी मामलों की फ़िलास्फ़ी समझ में आनी मुश्किल नहीं होती और यह अल्लाह तआला का ख़ास फ़ज़ल और बरकत है जो उसने इस अन्धेरे और ज़लालत के ज़माना में मार्फ़त का नूर आसमान से उतारा। ताकि भूले भटकूँ को रास्ता दिखलाए और ऐसा तरीक़ और अन्दाज़ा ज़ाहिर किया जो अब तक राज़ के तौर पर था। वह क्या? यही लुग़त अरब की फ़िलासफ़ी और माहीयत से इस्तिदलाल। मुबारक हैं वो लोग जो अल्लाह तआला के फ़ज़ल की क़दर करते और इस के लेने को तैयार हो जाते हैं।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 1 पृष्ठ 2 से 3)

☆ ☆ ☆
☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ की डेनमार्क और सवीडन का सफर, सितम्बर 2018 ई (भाग-14)

जमाअत अहमदिया एकता और एक दूसरे के लिए सम्मान का एक उदाहरण है

आप के माटो मुहब्बत सब के लिए,नफ़रत किसी से नहीं की बदौलत मैंने जान लिया कि इस्लाम अमन वाला मज़हब है

मेरे लिए ख़लीफ़ा के साथ मुलाक़ात एक fascinating तजुर्बा था, ऐसालग रहा था जैसे हक़ीक़त में Jesus के सामने बैठा हूँ,जैसे बचपन में Jesus का तसव्वुर था इस को जमाअत के ख़लीफ़ा से मिलकर हक़ीक़त में महसूस किया।

जलसा सालाना बेल्जियम में शामिल होने वाले मेहमानों की प्रतिक्रयाएं।

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

16 सितम्बर 2018 ई (शेष.....)

इस के बाद प्रोग्राम के अनुसार विभिन्न ग्रुपस ने दुआ की नज़्में और तराने प्रस्तुत किए। सब से पहले अरब दोस्तों के ग्रुप ने हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का अरबी क़सीदा या कलबी उज़कुर अहमद,ऐनल हदा या मुफ़निल इदा तरन्नुम के साथ प्रस्तुत किया। इसके बाद अफ्रीकन दोस्तों पर आधारित ग्रुप ने अपने विशेष अंदाज़ में अपना प्रोग्राम प्रस्तुत किया और कलिमा तय्यबा का विर्द किया। इस के बाद बंगाली लोग पर आधारित ग्रुप ने अपना तराना प्रस्तुत किया और फिर इतफ़ाल पर आधारित ग्रुप ने अपना प्रोग्राम प्रस्तुत किया। इस के बाद वाक़फ़ीन नौ पर आधारित ग्रुप ने लब्बैक या इमामना लब्बैक सय्यदी तराना प्रस्तुत किया। आख़िर पर ख़ुद्दाम के ग्रुप ने ख़िलाफ़त से अह्द ववफ़ा के बारे में से एक नज़म प्रस्तुत की और इसके बाद जामिआ अहमदिया यू.के में तालीम हासिल करने वाले बेल्जियम के छात्रों ने तराना पढ़ा और फिर इस प्रोग्राम का समापन हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि अल्लाह की नज़म है दस्त क़िबला नुमा ला-इलाहा इल्लल्लाह से किया।

जूंही यह प्रोग्राम अपने समापन हो पहुंचा जमाअत के लोगों ने बड़े उमंग और जोश के साथ नारे बुलंद किए और सारा माहौल नारों की आवाज़ से गूंज उठा। ये जलसा के समापन के अलविदाई क्षण थे और दिल इशक़ तथा मुहब्बत और फ़िदाईत के जज़बात से भरे हुए थे।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने अपना हाथ बुलंद कर के लोगों को अस्सलामु अलैकुम कहा और जलसा गाह से बाहर तशरीफ़ ले आए। इस मौक़ा पर आदरणीय डाक्टर मिर्ज़ा मुबश्शिर अहमद साहिब (फ़ज़ल उम्र हस्पताल रब्वह)ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ से हाथ मिलाने की सआदत हासिल की। हुज़ूर अनवर ने कृपा करते हुए डाक्टर साहिब से गुफ़्तगु फ़रमाई और वापसी के प्रोग्राम के बारे में पूछा। इस के बाद महोदय ने मिशन हाऊस आकर भी मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। जलसा गाह से रवाना हो कर 6 बजकर 10 मिन्ट पर हुज़ूर अनवर मिशन हाऊस बैतुस्सलाम पधारे।

फ़ैमिली मुलाक़ातें

प्रोग्राम के अनुसार 7 बजकर 20 मिन्ट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपने दफ़्तर तशरीफ़ ले आए और फ़ैमिलीज़ मुलाक़ातें शुरू हुईं। आज शाम के इस सैशन में 22 फ़ैमिलीज़ और 12 लोगों ने व्यक्तिगत तौर पर मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। सामूहिक रूप में मुलाक़ात करने वालों की संख्या 1000 से अधिक थी।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने कृपा करते हुए शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों और छात्राओं को क़लम प्रदान फ़रमाए और छोटी उम्र के बच्चों और बच्चियों को कृपा करते हुए चॉकलेट प्रदान फ़रमाएं। हर एक ने हुज़ूर अनवर के साथ तस्वीर बनवाने का सौभाग्य पाया। आज मुलाक़ात करने वालों में बेल्जियम की 8 जमाअतों से आने वाले दोस्त और फ़ैमिलीज़ के इलावा फ्रैंच गयाना से एक नई बैअत करने वाली औरत Linda Dilaire साहिबा ने भी मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। महोदया ने अपनी प्रतिक्रिया को प्रकट करते हुए कहा: किसी भी जलसा सालाना में शामिल होने का यह मेरे लिए पहला मौक़ा था। यहां लजना ने मेरा बहुत ख़्याल रखा जिसका मेरे दिल पर बहुत गहरा असर है। मुझे जलसा में तक़ारीर सुनने का मौक़ा मिला। इन तक़रीरों ने मेरे ईमान को मज़बूत किया। मैं यह बात यक़ीन से कह सकती हूँ कि जलसा से मेरी रूहानियत में बहुत तरक़्क़ी हुई है। यहां जलसा के माहौल और लोगों के आपस के मेल मिलाप को देखकर ऐसा लगा जैसे यह एक ही ख़ानदान के लोग हैं।

मेरा एक मक़सद जलसा में शामिल होने का यह भी था कि हुज़ूर अनवर का दर्शन करती और मुझे मुलाक़ात का सौभाग्य प्राप्त होता। मैंने हुज़ूर अनवर का दर्शन किया और मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। हुज़ूर अनवर के अनुकरण में नमाज़ें अदा कीं। मैंने बहुत कुछ पाया और इंशाअल्लाह भविष्य में भी जलसा में शामिल होंगी।

आमीन का आयोजन

मुलाक़ातों का यह प्रोग्राम 8 बजकर 40 मिनटतक जारी रहा। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ मार्की मैं तशरीफ़ ले आए। जहां प्रोग्राम के अनुसार आयोजन आमीन का आयोजन हुआ। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने निम्नलिखित 21 बच्चोंऔर बच्चियों से क़ुरआन करीम की एक-एक आयत सुनी और आख़िर पर दुआ करवाई।

प्रिय मुहम्मद ताहिर , ख़्वाजा ज़ीशान तारिक़ , हमज़ा बिन साद, अफराज़ ख़ान , ताहिर अहमद, फ़ातिह ख़ालिक़ , मुदब्बिर अहमद, सफ़ीर अहमद , दानयाल अहमद, ज़ीशान अहमद, सलमान ख़लील ।

प्रिया फ़रीहा क़ुद्दूस ,हिबा आतिफ़ , रमिया नूर, बारिया तहसीन , सुबीका अहमद, ईशा अहमद, नायाब शकूर , रुख़्सार बशीर , दुर्रेमकनून , Taiel अहमद।

आमीन के आयोजन बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने नमाज़ मग़रिब तथा इशा जमा कर के पढ़ाई। नमा ज़ोंकी अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए।

जमाअत अहमदिया बेल्जियम का यह 25 वां जलसा सालाना था जिसमें हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने शिरकत फ़रमाई। इस से पहले हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने 14 साल पहले साल 2004 ई में बेल्जियम के जलसा सालाना में शिरकत फ़रमाई थी। इस वक़्त जलसा सालाना मिशन हाऊस के सेहन में लगाई जाने वाली मार्की में हुआ था और इस जलसा की हाज़िरी 980 थी। आज अल्लाह तआला के फ़ज़ल से साल 2018 ई के जलसा सालाना बेल्जियम में शामिल होने वालों की संख्या 4 हज़ार के लगभग थी और जलसा के प्रबन्धों के लिए बड़े बड़े हाल हासिल किए गए। बेल्जियम की सारी 14 जमाअतों से जमाअत के लोग जलसा में शामिल हुए। इसके इलावा इस जलसा में बेल्जियम जमाअत की तारीख़ में पहली बार दुनिया के विभिन्न देशों से जमाअत के लोग और फ़ैमिलीज़ 2 हज़ार से अधिक की संख्या में शामिल हुए। निम्नलिखित दोशों से लोग शामिल हुए: कैनेडा , फ्रांस, जर्मनी, हॉलैंड, आयरलैंड, यू.के, स्वीडन, पोलैंड, नार्वे, यू .एस.ए, इंडोनेशिया, पाकिस्तान , गाना, गेमबिया, माली, नाईजर, लाइबेरिया, योगेन्डा, टोगो, तंज़ानिया, मारीशस, फ्रैंच गयाना, माएवटी आईलैंड, गोवादे लूप , इंडिया, यू.ए.ई, कांगो किंशासा, कांगो बराज़ावेल।

शेष पृष्ठ 9 पर

ख़ुत्बः जुमअः

اَلْخَيْرُ كُلُّهٗ فِي الْقُرْاٰنِ समस्त प्रकार की भलाइयां कुरआन में हैं।

वास्तविक मोमिन तो बड़ी से बड़ी कुर्बानी कर के भी डरता नहीं कि ख़ुदा तआला कब और किस तरह राज़ी हो।

रोज़े हमारे ही लाभ के लिए अल्लाह तआला ने हमारे लिए फर्ज़ किए हैं। रोज़ों से इन्सान की सेहत पर भी अच्छाप्रभाव पड़ता है । रोज़ों से इन्सानी ज़िन्दगी में अनुशासन पैदा होता है।

रोज़े से यही अभिप्राय है कि इन्सान एक रोटी को छोड़ कर जो सिर्फ जिस्म की परवरिश करती है दूसरी रोटी को प्राप्त करे जो रूह की तस्ल्ली तथा तृप्ति का कारण है।

हम सिर्फ ख़ुश हो कर रमज़ान के आने और रोज़ों की मुबारकबादें देने ही पर ना रहें बल्कि हमें अपने जायज़े लेने चाहिऐं कि क्या हम अल्लाह तआला ने जो रमज़ान के रोज़ों का जो मक़सद बयान फ़रमाया है इस के लिए कोशिश कर रहे हैं या नहीं।

तुम्हारी तमाम फ़लाह और नजात का स्त्रोत क़ुरआन में है कोई भी तुम्हारी ऐसी धार्मिक ज़रूरत नहीं जो क़ुरआन में नहीं पाई जाती। तुम्हारे ईमान का मुसद्दिक़ या मुकज़्ज़िब क़यामत के दिन क़ुरआन है और क़ुरआन के अतिरिक्त आसमान के नीचे और कोई किताब नहीं जो सीधा क़ुरआन तुम्हें हिदायत दे सके।

मोमिन तो वही है जो स्थायी रूप से नेकियों को तलाश करता है और उन्हें जारी रखता है।

अगर दुआओं की क़बूलीयत में कहीं कमी है तो हमारे अंदर ही कमी है ख़ुदा तआला का फ़रमान कभी ग़लत नहीं हो सकता।

रमज़ान मुबारक के बारे में कुरआन मजीद की आयतों , आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हदीसों और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के अपदेशों की रोशनी में रोज़ों का महत्तव और मोमिनों की ज़िम्मेदारियों तथा दुआ की कुबूलियत का हिक्मत वाला वर्णन।

जमाअत अहमिदया के दुश्मनों से सुरिक्षत रहने, उम्मते मुहम्मिदया के आपस में भाईचारे के लिए तथा सारी दुनिया की तबाही से बचने के लिए दुआ की तहरीक।

आदरणीय डाक्टर ताहिर अहमद अज़ीज़ साहिब साहिब इस्लामाबाद पाकिस्तान और आदरणीय इफ्तेख़ार अहमदा साहिब अमरीका का अफसोस वाली वफात पर उन का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जुम्अः के बाद नामज़ जनाज़ा ग़ायब।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 10 मई 2019 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ إِيَّاكَ نَعْبُدُ وَإِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

يٰٓأَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا كُتِبَ عَلَيْكُمُ الصِّيَامُ كَمَا كُتِبَ عَلَى الَّذِينَ مِن قَبْلِكُمْ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُونَ ﴿۱۸۴﴾ أَيَّامًا مَّعْدُودَاتٍ ۚ فَمَن كَانَ مِنكُم مَّرِيضًا أَوْ عَلَىٰ سَفَرٍ فَعِدَّةٌ مِّنْ أَيَّامٍ أُخَرَ ۚ وَعَلَى الَّذِينَ يُطِيقُونَهٗ فِدْيَةٌ طَعَامُ مِسْكِينٍ ۖ فَمَن تَطَوَّعَ خَيْرًا فَهُوَ خَيْرٌ لَّهٗ ۚ وَأَن تَصُومُوا خَيْرٌ لَّكُمْ ۖ إِن كُنتُمْ تَعْلَمُونَ ﴿۱۸۵﴾ شَهْرُ رَمَضَانَ الَّذِي أُنزِلَ فِيهِ الْقُرْآنُ هُدًى لِّلنَّاسِ وَبَيِّنَاتٍ مِّنَ الْهُدَىٰ وَالْفُرْقَانِ ۚ فَمَن شَهِدَ مِنكُمُ الشَّهْرَ فَلْيَصُمْهُ ۖ وَمَن كَانَ مَرِيضًا أَوْ عَلَىٰ سَفَرٍ فَعِدَّةٌ مِّنْ أَيَّامٍ أُخَرَ ۗ يُرِيدُ اللّٰهُ بِكُمُ الْيُسْرَ وَلَا يُرِيدُ بِكُمُ الْعُسْرَ وَلِتُكْمِلُوا الْعِدَّةَ وَلِتُكَبِّرُوا اللّٰهَ عَلَىٰ مَا هَدَاكُمْ وَلَعَلَّكُمْ تَشْكُرُونَ ﴿۱۸۶﴾ وَإِذَا سَأَلَكَ عِبَادِي عَنِّي فَإِنِّي قَرِيبٌ ۖ أُجِيبُ دَعْوَةَ الدَّاعِ إِذَا دَعَانِ ۖ فَلْيَسْتَجِيبُوا لِي وَلْيُؤْمِنُوا بِي لَعَلَّهُمْ يَرْشُدُونَ

(अल्बकरह: 184 से187)

इन आयतों का अनुवाद है कि हे लोगो जो ईमान लाए हो तुम पर (भी) रोज़ों का रखना (इसी तरह) फ़र्ज़ किया गया है जिस तरह उन लोगों पर फ़र्ज़ किया गया था जो तुम से पहले गुज़र चुके हैं ताकि तुम तक़्वा धारण करो (रुहानी और अख़लाक़ी कमज़ोरियों से) बचो। (अत: तुम रोज़े रखो) कुछ गिन्ती के दिन और तुम में से जो आदमी मरीज़ हो या सफ़र में हो तो (उसे) और दिनों में संख्या (पूरी करनी) होगी और उन लोगों पर जो इस (अर्थात रोज़े) की ताक़त ना रखते हों (बतौर फ़िद्या) एक मिस्कीन का खाना देना (बशर्त सामर्थ्य) वाजिब है और जो आदमी पूरी फ़रमांबर्दारी से कोई नेक काम करेगा तो यह उस के लिए बेहतर होगा और अगर तुम इलम रखते हो तो (समझ सकते हो) कि तुम्हारे रोज़े रखना तुम्हारे लिए बेहतर है।

रमज़ान का महीना वह (महीना) है जिसके बारे में क़ुरआन (करीम) नाज़िल किया गया। (वह क़ुरआन) जो तमाम इन्सानों के लिए हिदायत (बना कर भेजा गया) है या जिसमें क़ुरआन करीम नाज़िल किया गया है और जो खुली दलीलें अपने अंदर रखता है। (ऐसी दलीलें) जो हिदायत पैदा करती हैं और उसके साथ (क़ुरआन में) इलाही निशान भी हैं इस लिए तुमसे जो आदमी इस महीने को (इस हाल में) देखे कि (ना मरीज़ हो ना मुसाफ़िर) उसे चाहिए कि इस के रोज़े रखे और जो आदमी मरीज़ हो या सफ़र में हो तो इस पर और दिनों में (संख्या पूरी करनी वाजिब होगी।) अल्लाह तुम्हारे लिए आसानी चाहता है और तुम्हारे लिए तंगी नहीं चाहता और (यह हुक्म उसने इस लिए दिया है कि तुम तंगी में ना पड़ो और)ताकि तुम संख्या को पूरी कर लू और इस (बात) पर अल्लाह की बड़ाई करो कि उस ने तुमको हिदायत दी है और ताकि तुम उस के शुक्रगुज़ार बनो। और (हे रसूल) जब मेरे बंदे तुझ से मेरे बारे में पूछें (तो जवाब दे कि) मैं उनके पास ही हूँ जब दुआ करने वाला मुझे पुकारे तो मैं उस की दुआ क़बूल करता हूँ। अत: चाहिए कि वह (दुआ करने वाले भी) मेरे हुक्म को क़बूल करें और मुझ पर ईमान लाएं ताकि वे हिदायत पाएं।

इन आयतों में अल्लाह तआला ने रोज़ों की फ़र्ज़ीयत उस की एहमीयत इस महीने में मोमिनों की ज़िम्मेदारियों और दुआ की क़बूलीयत के तरीक़ बयान

फ़रमाए हैं। एक ऐसा महीना हमारे लिए मुक़र्रर फ़रमाया है जिसमें ख़ुदा तआला बंदों के बहुत क़रीब आ जाता है और शैतान को जकड़ देता है। अत: जब अल्लाह तआला की तरफ़ से बंदों पर इस क़दर रहमतों और फ़ज़लों के दरवाज़े खोले जा रहे हैं तो हमें किस क़दर अल्लाह तआला की बात को सुनकर रोज़ों का हक़ अदा करने की कोशिश करनी चाहिए। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक अवसर पर फ़रमाया कि अगर तुम्हें पता हो कि रमज़ान की क्या-क्या फ़ज़ीलतें हैं और अल्लाह तआला किस तरह और किस क़दर तुम पर मेहरबान होता है तो तुम यह ख़ाहिश करते कि सारा साल ही रमज़ान हो। सारा साल ही हम अल्लाह तआला के फ़ज़लों को समेटते रहें। अत: रोज़े हमारे ही फ़ायदे के लिए अल्लाह तआला ने हम पर फ़र्ज़ किए हैं। रुहानी जिस्मानी हर किस्म के फ़ायदे हम रोज़ों से हासिल कर सकते हैं । अब तो ग़ैर मुस्लिम डाक्टर भी इस बात को स्वाकीर करने वाले हो रहे हैं पहले कुछ एक थे अब तो संख्या बढ़ती जा रही है कि रोज़ों से इन्सान की सेहत पर भी अच्छा असर पड़ता है बल्कि कुछ ग़ैर मुस्लिम यह लिखने लग गए हैं कि रोज़ों से इन्सानी ज़िंदगी में डिसिप्लिन भी पैदा होता है। बहरहाल एक वास्तविक मोमिन तो यह तजुर्बा रखता है चाहे यह दुनियादार कहें या ना कहें कि रोज़े एक मोमिन की जहां जिस्मानी हालत को बेहतर करते हैं वहां इस से बहुत बढ़कर रुहानी तौर पर भी इस की हालत बेहतरी की तरफ़ ले जाने का कारण बनते हैं अत: हमें अल्लाह तआला के इस हुक्म पर अनुकरण करते हुए रमज़ान के महीने में भरपूर कोशिश करनी चाहिए कि अपनी रुहानी हालत में तरक़्क़ी करें।

इन आयतों में अल्लाह तआला ने जो बातें बयान की हैं वे यह हैं कि हर एक मोमिन और हर एक मुसलमान जो वास्तविक मुसलमान है इस पर रोज़ा फ़र्ज़ किया गया है। सुबह से शाम तक भूखा रहना नहीं यह रोज़ा नहीं है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि ख़ुदा तआला की इच्छा इस से यह है कि एक ख़ुराक को कम करो और दूसरी को बढ़ाओ। हमेशा रोज़ेदार को यह मद्दनज़र रहना चाहिए कि इस से इतना ही मतलब नहीं है कि भूखा रहे बल्कि उसे चाहिए कि ख़ुदा तआला के ज़िक्र में मसरूफ़ रहे ताकि तबत्तुल और इन्क़िता हासिल हो। अर्थात ख़ुदा तआला से सम्बन्ध में इस की इबादत में ज़िक्र इलाही में इन्सान बढ़े और दुनिया की तरफ़ कम ध्यान हो। दुनिया के काम तो साथ रहते ही हैं वह नहीं रुकते लेकिन उनको करते हुए भी ख़ुदा तआला की याद रहे उस के आदेशों पर नज़र रहे उस का ज़िक्र होता रहे। आप फ़रमाते हैं कि अत: रोज़े से यही मतलब है कि इन्सान एक रोटी को छोड़कर जो जिस्म की परवरिश करती है दूसरी रोटी को हासिल करे जो रूह की तसल्ली और तृप्ति का कारण है। जो लोग केवल ख़ुदा के लिए रोज़े रखते हैं और केवल रस्म के तौर पर नहीं रखते उन्हें चाहिए कि अल्लाह तआला की हमद और तस्बीह और तहलील में लगे रहें।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 9 पृष्ठ 123)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भी फ़रमाया कि अल्लाह तआला को तुम्हारे भूखा रहने से कोई ग़रज़ नहीं है।

(बुख़ारी किताबुस्सौम बाब मन ला यदअ कौलज़ौर अलअमल बेही फिस्सौम हदीस 1903)

फिर अल्लाह तआला यह बयान फ़र्मा कर कि रोज़ा तुम पर फ़र्ज़ किया गया है इस आयत में फ़रमाता है जो पहली आयत है कि इस लिए फ़र्ज़ है कि ताकि तुम तक़्वा धारण करो और तक़्वा क्या है तक़्वा यह है कि तुम रुहानी और अख़लाक़ी कमज़ोरियों से बचो। जैसा कि पहले मैंने बयान किया कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि अल्लाह तआला को तुम्हारे भूखा रहने से कोई ग़रज़ नहीं जब तक रोज़ा तुम्हारे अन्दर तक़्वा का वह स्तर पैदा ना करे जिस से तुम तमाम रुहानी कमज़ोरियों और अख़लाक़ी कमज़ोरियों से अपने आपको बचाओ रोज़ा रखना बेफ़ाइदा है। और तक़्वा की वज़ाहत हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम ने एक अवसर पर इस तरह फ़रमाई। आप फ़रमाते हैं कि

मुत्तक़ी बनने के लिए यह ज़रूरी है कि बाद इस के कि मोटी बातों जैसे व्यभिचार, चोरी हुक़ूक़ छीन लेना, (लोगों के हुक़ूक़ की मार लेना, हक़ मारना) रिया (बनावट) उजब, हिक़ारत बुख़ल को छोड़ने में पक्का हो। (अर्थात ये बुराईयां जो हैं उनको छोड़ने में पक्का हो।) तो गन्दे आचरण से परहेज़ कर के उनके मुक़ाबला पर (ये अख़लाक़ जो बुरे हैं उनसे परहेज़ कर के इस के मुक़ाबला पर) अच्छे अख़लाक़ में तरक़्क़ी करे। (अच्छे अख़लाक़ अपनाए।) लोगों से सदव्यवहार(से पेश आए) लोगों से सद्व्यवहार हमदर्दी से पेश आए। (अपने आचरण बेहतर करे।) आप फ़रमाते हैं ख़ुदा तआला के साथ सच्ची वफ़ा और सिदक़ दिखलाए। (यह भी तक़्वा के लिए ज़रूरी है रूहानियत के लिए ज़रूरी है। सच्ची वफ़ा और सच्चा सम्बन्ध हो।) ख़िदमतों के मक़ाम महमूद तलाश करे।(इस में अल्लाह तआला के जो हुक़ूक़ हैं वे भी आ गए अल्लाह तआला के अदेशों को पूरा करना और लोगों के जो सम्बन्ध हैं उनकी ख़िदमत है वे भी आ गई। अर्थात ऐसी बेनफ़्स ख़िदमत हो कि लोग कहें कि यह वास्तव में ख़ुदा तआला के लिए ख़िदमत कर रहा है किसी किस्म का कोई अपना कोई ज़ाती लाभ ना हो।) फ़रमाया कि इन बातों से इन्सान मुत्तक़ी कहलाता है और जो लोग इन बातों की साक्षात मुर्ति होते हैं (जिन में सब चीज़ें जमा हो जाएं।) वही असल मुत्तक़ी होते हैं। अर्थात अगर एक गुण अलग अलग रूप से किसी में हो तो उसे मुत्तक़ी नहीं कहेंगे जब तक बहैसीयत मजमूई अच्छे अख़लाक़ इस में ना हूँ और ऐसे ही शख़्सों के लिए لَا خَوْفٌ عَلَيْهِمْ وَلَا هُمْ يَحْزَنُونَ (अल्बकरह: 63) अर्थात ना ही उनको कोई ख़ौफ़ होगा और ना ही वह ग़म करेंगे अल्लाह तआला ने उनको यह ज़मानत दे दी और इस के बाद उनको क्या चाहिए जब अल्लाह तआला की यह ज़मानत मिल गई। अल्लाह तआला ऐसों का मुतवल्ली हो जाता है जैसा कि वह फ़रमाता है وَهُوَ يَتَوَلَّى الصَّالِحِينَ। (सूरह अल्आराफ 197) हदीस शरीफ़ में आया है कि अल्लाह तआला उनके हाथ हो जाता है जिस से वह पकड़ता है उनकी आँख हो जाता है जिससे वह देखते हैं उनके कान हो जाता है जिनसे वह सुनते हैं उनके पांव हो जाता है जिनसे वह चलते हैं और एक और हदीस में है कि जो मेरे वली की दुश्मनी करता है मैं इस से कहता हूँ कि मेरे मुक़ाबले के लिए तैयार रहो। एक जगह फ़रमाया कि जब कोई ख़ुदा के वली पर हमला करता है तो ख़ुदा तआला इस पर ऐसे झपट कर आता है जैसे एक शेरनी जिससे कोई उस का बच्चा छीने तो वह ग़ज़ब से झपटती है ।

(मल्फ़ूज़ात जिल्द 4 पृष्ठ 400-401)

अत: रोज़ों का हक़ अदा कर के जब तक़्वा के यह स्तर हूँ तो तभी वे रोज़े भी एक इन्सान को एक मोमिन को एक मुसलमान को अल्लाह तआला की ढाल के पीछे ले आते हैं।

हज़रत अबू हुरैर रज़ि से रिवायत है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि अल्लाह तआला फ़रमाता है कि इन्सान का हर कर्म उस की ज़ात के लिए होता है सिवाए रोज़ों के। अत: रोज़ा मेरे लिए रखा जाता है अल्लाह तआला फ़रमाता है कि रोज़ा इन्सान मेरे लिए रखता है वे लोग जो वास्तविक मोमिन हैं वह अल्लाह तआला के लिए रोज़ा रखते हैं और फिर फ़रमाया कि जो मेरी ख़ातिर रोज़ा रखता है मैं ही इस का बदला होता हूँ कि मैं इस को बदला दूँगा अपनी तरफ़ से जो चाहूँ और रोज़े ढाल हैं। फिर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया यह भी फ़रमाया कि रोज़े ढाल हैं और जब तुम में से किसी का रोज़ा हो तो वह नफ़्सानी बातों और गाली ग्लोच ना करे किसी किस्म की तामिसक बातें ना हूँ गाली ग्लोच ना हो और अगर उसे कोई गाली दे या इस से झगड़ा करे तो उसे जवाब में कहना चाहिए कि मैं तो रोज़ेदार हूँ। मैं किसी किस्म की लग़वयात (व्यर्थ बातों) में नहीं पड़ता। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया यह बयान करने के बाद कि इस ज़ात की क़सम जिसके हाथ में मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) की जान है कि रोज़ा रखने वालों के मुँह की जो मुँह की बू रोज़ादार के मुँह की बू अल्लाह तआला के नज़दीक कस्तूरी से ज़्यादा अच्छी है । इस की जो ख़ुशबू है वह कस्तूरी की ख़ुशबू से ज़्यादा अच्छी है। आपने फ़रमाया कि रोज़ादार के लिए दो ख़ुशियां हैं जो उसे ख़ुश करती हैं एक जब वह रोज़ा इफ़तार करता है तो ख़ुश होता है कि अल्लाह तआला ने इस के रोज़े के इफ़तारी के सामान पैदा फ़रमाए और दूसरे जब वह अपने रब से मिलेगा तो रोज़े की वजह से ख़ुश होगा क्योंकि वहां फिर अल्लाह तआला फ़रमाता है कि मैं इस का बदला हूँ मैं इस का बदला दूँगा और वह जो असीमित अज्र जो अल्लाह तआला देगा जो अल्लाह तआला के लिए रोज़े रखता है तो वहां उस की ख़ुशी का मुक़ाम ही और होगा।

(सहीह अल्बुख़ारी किताबुस्सौम हदीस 1904)

अत: यह वह स्तर है तक़्वा का जो एक वास्तविक रोज़ेदार को हासिल करना चाहिए और वास्तविक रोज़ेदार फिर हासिल करता है कि रोज़ा दुनिया की साभी प्रकार की गन्दिगयों से पाक हो कर रखा जाए और हर किस्म की रुहानी और अख़लाक़ी कमज़ोरियों से बचते हुए रोज़ेदार अपना दिन गुज़ारे। इस बात पर ख़ुश ना हो जाए कि मैंने रोज़ा रखा है दुनिया में कितने ही रोज़ेदार हैं जो बज़ाहिर रोज़ा

रखते हैं लेकिन ना ही उनकी नमाज़ों के वह स्तर हैं जो होने चाहिऐं ना ही उनके अख़लाक़ के वह स्तर हैं जो होने चाहिऐं। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जो यह फ़रमाया है कि शैतान इस महीने में जकड़ा जाता है उसे बांध दिया जाता है तो फिर दुनिया में रमज़ान के महीने में भी बुराईयां क्यों जारी रहती हैं? रोज़ा ढाल उनके लिए बनता है शैतान के हमलों से उन्हें बचाया जाता है जो रोज़े की हक़ीक़त को समझते हुए तक़्वा धारण करते हैं। अत: यह वह असल मक़सद है जो हमें हर वक़त अपने सामने रखना चाहिए वर्ना आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह भी फ़रमाया है कि बेशक रमज़ान में जन्नत के दरवाज़े खोल दिए जाते हैं और जहन्नुम के दरवाज़ों को ताले लगा दिए जाते हैं और शैतानों को ज़ंजीरों में बांध दिया जाता है

(सहीह मुस्लिम किताबुस्सयाम बाब फज़ल शहर रमज़ान हदीस 1079)

लेकिन इस के बावजूद आपने यह भी सतर्क फ़र्मा दिया इस बात की तरफ़ भी तवज्जा दिलाई कि अगर फिर भी कोई रमज़ान को पाए और बख़्शा ना जाए तो फिर कब बख़्शा जाएगा।

(सुनन अत्तिरमजी अब्वाबुद्अवात हदीस 3545)

अत: यह बात आप हमें फ़र्मा रहे हैं। मुसलमान कहलाने वालों को फ़र्मा रहे हैं उन लोगों को फ़र्मा रहे हैं जिनको अल्लाह तआला ने यह फ़रमाया कि रोज़ा तुम्हारे पर फ़र्ज़ किया गया है ताकि तुम इन दिनों में सिर्फ और सिर्फ ख़ुदा तआला की इबादत और अख़लाक़ी स्तरों की बुलंदियों को हासिल करने की कोशिश करो लेकिन अगर नहीं करोगे तो सिर्फ रमज़ान का आना शैतान का जकड़ा जाना जन्नत के दरवाज़े खुलना जहन्नुम के दरवाज़ों पर ताले लगना कोई फ़ायदा नहीं देगा। यह सतर्क करना आपने फ़र्मा दिया कि अल्लाह तआला की इतनी बड़ी रहमत के बावजूद अगर बख़शिश के सामान नहीं हो सके तो फिर कब होंगे? अत: हम सिर्फ ख़ुश हो कर रमज़ान के आने और रोज़ों की मुबारकबादें देने ही पर ना रहें बल्कि हमें अपने जायज़े लेने चाहिऐं कि क्या हम अल्लाह तआला ने जो रमज़ान के रोज़ों का जो मक़सद बयान फ़रमाया है इस के लिए कोशिश कर रहे हैं या नहीं। अल्लाह तआला हम सबको उस को प्राप्त करने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए और अपनी बख़शिश और मग़फ़िरत की चादर में हमें लपेटे रखे।

फिर अगली आयत में अल्लाह तआला यह भी फ़रमाता है कि किन हालतों में तुम रोज़े से रुख़स्त ले सकते हो। लेकिन यह बताने से पहले यह स्पष्ट कर दिया कि अल्लाह तआला ने जो यह फ़रमाया कि मैं रोज़े का ख़ुद बदला बनता हूँ और मोमिनों को खासतौर पर बख़शिश के सामान कर रहा हूँ तो यह ख़्याल ना आए कि हम रोज़ा रखकर कोई बहुत बड़ी क़ुर्बानी कर रहे हैं जिसकी वजह से अल्लाह तआला की मेहरबानी और शफ़क़त और बख़शिश की चादर हम पर फैलाई गई है। बेशक अल्लाह तआला के रहम और उस की शफ़क़त बड़ी वसीअ की गई है लेकिन यह कोई ऐसी भी ग़ैरमामूली क़ुर्बानी नहीं। सेहरी के वक़्त भी हम पेट भर कर खा लेते हैं इफ़तारी के वक़्त भी अपनी इच्छा के मुताबिक़ हर कोई खा लेता है और फिर कौन सी ऐसी स्थायी क़ुर्बानी है साल में कुछ गिन्ती के दिन ही हैं। कुछ लोग रोज़ा रखकर बड़े फ़ख़र से कहते हैं कि हम ने रोज़ा रखा हुआ है तो यह कोई बहुत बड़ी क़ुर्बानी नहीं है जिस के इज़हार हों बल्कि वास्तविक मोमिन तो बड़ी से बड़ी क़ुर्बानी कर के भी डरता है कि ख़ुदा तआला कब और किस तरह राज़ी हो कहां यह कि इज़हार किया जाए। बहरहाल अल्लाह तआला फ़रमाता है कि यह गिन्ती के कुछ दिन हैं साल के दिनों का बारहवाँ हिस्सा हैं। फिर फ़रमाया तो यह कोई ऐसी बात नहीं है कि तुम्हारी कोई बहुत बड़ी क़ुर्बानी है फिर फ़रमाया कि इस में अल्लाह तआला तुम्हें अपनी रहमत से नवाज़ रहा है इन गिन्ती के कुछ दिनों में भी अगर इस दौरान तुम बीमार हो जाते हो या सफ़र आ जाता है तो रोज़े से इन दिनों में रुख़स्त है लेकिन यह संख्या जो छूटे हुए रोज़े हैं साल के दौरान किसी वक़्त भी उनको पूरा करना होगा और जो स्थायी मरीज़ हैं बहाना नहीं है बल्कि डाक्टर ने यह कहा है कि रोज़े नहीं रखने तो फिर एक मिस्कीन को रोज़े रखवाओ अगर सामर्थ्य है और सामर्थ्य की अवस्था में यह ज़रूरी है सिवाए उस के कि कोई इस हद तक माली लिहाज़ से कमज़ोर हो कि इस का ख़ुद सदक़े और इमदाद पर गुज़ारा हो रहा हो बाक़ी हर एक को जो कुछ खाता है वह वही ख़ुराक से एक मिस्कीन को रोज़े रखवाने ज़रूरी हैं। हाँ अगर उस की सामर्थ्य है बढ़ कर सामर्थ्य है तो यह भी ठीक है कि तुम फिर फ़िद्या भी दे दो और बाद में रोज़े भी रख लू।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम ने इस बारे में फ़रमाया कि ख़ुदा हर आदमी को इस के सामर्थ्य से बाहर दुख नहीं देता सामर्थ्य के अनुसार आप फ़रमाते हैं कि जितना सामर्थ्य है जितनी गुंजाइश है जो ख़ुद खाते पीते हो उस के अनुसार पिछलों का फ़िद्या दे दो और भविष्य में वादा करो कि सब रोज़े ज़रूर रखूंगा।

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात जिल्द 4 पृष्ठ 350)

आपने फ़रमाया कि एक बार मेरे दिल में ख़्याल आया कि फ़िद्या किस लिए मुक़र्रर किया गया है तो मालूम हुआ(सोचा मैंने तो फिर मुझ पर यह खुला) कि तौफ़ीक़ के लिए। इसलिए मुक़र्रर किया गया है ताकि अल्लाह तआला तौफ़ीक़ दे ताकि रोज़े की तौफ़ीक़ इस से हासिल हो। फ़रमाया कि ख़ुदा तआला तो सम्पूर्ण सामर्थय वाला है वह अगर चाहे तो एक मदक़ूक़(बीमार) को भी रोज़े की ताक़त प्रदान कर सका है ऐसा मरीज़ जिसको दिक(टीबी) की बीमारी है टी बी का मरीज़ है इस को भी अल्लाह तआला ताक़त दे सकता है कि इस की सेहत अच्छी कर दे और रोज़ा रख ले तो फ़िद्या से यही आप फ़रमाते हैं कि फ़िद्या से यही मक़सूद है कि वह ताक़त हासिल हो जाए और यह ख़ुदा के फ़ज़ल से ही होता है। आप फ़रमाते हैं कि अत: मेरे नज़दीक ख़ूब है कि इन्सान दुआ करे कि इलाही यह तेरा एक मुबारक महीना है और मैं इस से महरूम रहा जाता हूँ और क्या मालूम कि अगले साल ज़िंदा रहूं या ना या उन फ़ौत शूदा रोज़ों को जो छूट गए रोज़े उनको अदा कर सकूं या ना कर सकूं दुबारा सेहत इजाज़त दे या ना दे और उस से तौफ़ीक़ मांगे। आप फ़रमाते हैं यह बातें कह कि इन्सान अल्लाह तआला से तौफ़ीक़ तलब करे ।

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात जिल्द 4 पृष्ठ 258)

अत: फ़िद्या आरज़ी मरीज़ भी दे सकते हैं और फिर सफ़र ख़त्म होने पर सेहत होने पर रोज़ा रखना भी ज़रूरी है ये दोनों चीज़ें इस से साबित होती हैं। आपने फ़रमाया कि जो सेहत पाकर रोज़े रखने के काबिल हो जाते हैं उनके लिए सिर्फ फ़िद्या का ख़्याल करना इबाहत का दरवाज़ा खोलना है। जो ऐसी सेहत है जो सेहत रमज़ान के बाद पा ली या रमज़ान में बीमार हुए तो बाद में सेहत पाने वाले हो गए। अगर वह सिर्फ यही कह दें कि हम ने रमज़ान में रोज़े नहीं रखे और फ़िद्या दे दिया था। तो यह तो इबाहत का दरवाज़ा खोलना है बिना वजह की इजाज़त है के रास्ते खोलना है ग़लत बिदअतें पैदा करना है। अगर फ़िद्या दे भी दिया है रमज़ान में तब भी रमज़ान के बाद फिर रोज़े रखने ज़रूरी हैं साल के दौरान किसी वक़्त भी रखे जा सकते हैं। फ़रमाते हैं कि हाँ स्थायी मरीज़ दूध पिलाने वाली औरतें गर्भवती औरतें जो हैं इस पर इस हालत में कि साल गुज़र जाए उन के लिए सिर्फ फ़िद्या ही काफ़ी होता है लेकिन फ़िद्या के साथ इस महीना में इबादतों और ज़िक्र इलाही और दूसरी नेकियों को जारी रखना ज़रूरी है। यह नहीं कि फ़िद्या दे दिया तो हमारी हर चीज़ से हम फ़ारिग़ हो गए। तो यह भी रमज़ान का फ़ैज़ पाने वाले होंगे अगर रोज़े ना भी रख रहे हों और फ़िद्या दे दें और बाक़ी नेकियां जारी रखें सिर्फ फ़िद्या देकर नमाज़ों को भूल जाना और दूसरी नेकियों को भूल जाना यह सिर्फ़ मोमिन नहीं बना देता वास्तविक मोमिन नहीं बना देता। रमज़ान की बरकतों में हिस्सादार नहीं बना देता।

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात जिल्द 9 पृष्ठ 433)

फिर अल्लाह तआला इस आयत में यह फ़रमाता है कि जो भी नेकी तुम पूरी फ़रमांबर्दारी से करते हो दिल नहीं भी चाह रहा हो तो करते हो कि अल्लाह तआला का हुक्म है तो अल्लाह तआला उस के बेहतर नताइज पैदा करे गा। कुछ के नज़दीक फुमन ततवा खेरा का यह भी मतलब है कि कोई काम नफ़ली तौर पर भी तुम करते हो तो यह भी तुम्हारे लिए बेहतर है दोनों मतलब उस के हैं अर्थात ज़ाइद फ़िद्या दे दिया नफ़ली तौर पै या एक के बजाय दो मिस्कीनों को खुला दिया या पता होने के बावजूद कि आज रोज़ा किसी वजह से नहीं रख सका कल रख लूँगा फिर भी फ़िद्या दे दिया तो यह ज़ाइद नेकी है अल्लाह तआला फ़रमाता है कि तुम्हारे लिए बेहतर है क्योंकि अल्लाह तआला तुम्हें नेकियों के ख़ाह वह अपने पर बोझ डाल कर की जाएं या नफ़ली नेकियां की जाएं ख़ुशी से की जाएं। अल्लाह तआला उस का अज्र देता है। इस आयत के आख़िर में फिर अल्लाह तआला ने यह फ़रमाया कि तुम्हारे लिए रोज़े रखना हर लिहाज़ से तुम्हारे लिए बेहतर है। फिर इस से अगली आयत में अल्लाह तआला फ़रमाता है कि इस महीने में हमने क़ुरआन नाज़िल फ़रमाया जो तुम्हारे लिए हिदायत का माध्यम है और खुले और स्पष्ट दलील और निशान अपने अंदर रखता है।

अत: क़ुरआन को रमज़ान के महीने से भी एक ख़ास सम्बन्ध है इसी महीने में रोज़ों के साथ उस के पढ़ने इस पर ग़ौर करने उस के आदेशों को तलाश कर

के उन पर अनुकरण करने की कोशिश करनी चाहिए ताकि अल्लाह तआला के आदेशों पर अनुकरण कर के हम रमज़ान के रोज़ों से वास्तविक फ़ैज़ उठा सकें। हर एक क़ुरआन करीम के गहरे अर्थों की गहराई तक ख़ुद नहीं पहुंच सकता इस लिए क़ुरआन करीम की तिलावत और अनुवाद के साथ जो कि वह ख़ुद पढ़ सकता है जमाअत की तरफ़ से जहां-जहां मस्जिदों में दर्स का प्रबन्ध है इस से फ़ायदा उठाना चाहिए। इसी तरह म टी ए पर बाक़ायदा दर्स का प्रबन्ध है इस से लाभ उठाना ज़रूरी है। हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अलराबे के दर्स इस पर चल रहे हैं। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का भी यही इरशाद है कि इस महीने में क़ुरआन करीम की तिलावत ज़्यादा किया करो। क़ुरआन करीम की तिलावत की तरफ़, क़ुरआन करीम पढ़ने की तरफ़ तवज्जा एक अहमदी को तो आम दिनों में भी बहुत ज़्यादा होनी चाहिए लेकिन रमज़ान में तो खासतौर पर इस का प्रबन्ध ज़रूरी है वर्ना सिर्फ रोज़े रखना बेफ़ाइदा है। खासतौर पर अल्लाह तआला ने इस महीने में क़ुरआन करीम के नाज़िल होने का ज़िक्र फ़रमाया है और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ताकीद फ़रमाई है। हम ख़ुश क़िस्मत हैं कि अल्लाह तआला ने हमें इस ज़माना में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम को मानने की तौफ़ीक़ प्रदान की जिन्होंने हमें जहां क़ुरआन करीम के भेद और तफ़सीर और अर्थों के नए नए दृष्टिकोण बताए वहां इस पर अनुकरण करने और क़ुरआन करीम को इज़्ज़त देने की और उसे पढ़ने और ग़ौर करने की तरफ़ भी ख़ास ध्यान दिलाया है और बताया कि तुम्हें किस ख़ास तवज्जा से इस को पढ़ कर इस पर अनुकरण करना चाहिए और अपनी हालतों में क्या तबदीली पैदा करनी चाहिए अत: एक जगह हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं

"उलूम ज़ाहिरी और उलूम कुरानी के प्राप्त करने के बीच में एक महान फ़र्क़ है जो ज़ाहिरी दुनियावी उलूम हैं और क़ुरआन के उलूम हैं उनके बीच एक बहुत बड़ा फ़र्क़ है फ़रमाते हैं कि दुनयावी और रस्मी उलूम के हासिल करने के लिए तक़्वा शर्त नहीं फ़रमाया कि सर्फ तथा नहव, खगोल शास्त्र, फलसफ़ा, तबाअत, पढ़ने के लिए यह ज़रूरी बात नहीं है। (सर्फ नहव पढ़ लिया या रसायन विज्ञान पढ़ लिया फ़लसफ़ा पढ़ लिया एस्ट्रानौमी इत्यादि पढ़ लिया मेडीसन इत्यादि पढ़ने के लिए यह ज़रूरी बात नहीं है कि तक़्वा ज़रूरी हो या यह ज़रूरी नहीं है कि) वह नमाज़ रोज़ा का पाबंद हो। यह बड़ी अहम बात है क़ुरआन करीम को समझने के लिए रोज़ों की पाबंदी भी ज़रूरी है इबादतों की पाबंदी भी ज़रूरी है नमाज़ों की पाबंदी भी ज़रूरी है तक़्वा में बढ़ना भी ज़रूरी है फ़रमाया कि ज़रूरी नहीं है कि वह नमाज़ रोज़ा का पाबंद हो और अल्लाह तआला के आदेशों तथा मना बातों मद्दनज़र रखता हो जो अल्लाह तआला के हुक्म हैं जिनके करने का अल्लाह तआला ने हुक्म दिया है और जिन को ना करने का अल्लाह तआला ने हुक्म दिया है उनको हर वक़त सामने रखे मद्दनज़र रखे। यह आम आदमी के लिए ज़रूरी तो नहीं है लेकिन कुरान के उलूम को हासिल करने के लिए यह ज़रूरी है। फ़रमाया कि अपने हर कर्म और कथन को जो दुनियावी उलूम हैं उनके हासिल करने के लिए ज़रूरी नहीं है लेकिन क़ुरआन करीम को पढ़ने के लिए ज़रूरी है इस के इलम को हासिल करने के लिए ज़रूरी है कि अल्लाह तआला के समस्त आदोशों को तथा मनाही को आदमी सामने रखे। आप फ़रमाते हैं कि अपने हर कर्म और कथन को अल्लाह तआला के आदेशों की हुकूमत के नीचे रखे बल्कि कई बार देखा गया है कि दुनियावी उलूम के माहिर और इच्छुक नास्तिक फितरत हो कर हर किस्म की दुराचार तथा कदाचार में पीड़ित हो होते हैं। आज दुनिया के सामने एक ज़बरदस्त तजुर्बा मौजूद है फ़रमाते हैं कि आज दुनिया के सामने एक ज़बरदस्त तजुर्बा मौजूद है यूरोप और अमरीका बावजूद के वह लोग संसार के उलूम में बड़ी बड़ी तरक़्कीयां कर रहे हैं और आए दिन नई ईजादें करते रहते हैं लेकिन उनकी रुहानी और अख़लाक़ी हालत बहुत ही लज्जा के योग्य है और आजकल तो हम देख रहे हैं कि इस ज़माने से बढ़कर आज़ादी के नाम पर अख़लाक़ी गिरावटों में बढ़ते चले जा रहे हैं। आप फ़रमाते हैं कि लंदन के पार्कों और पेरिस के होटलों के हालात जो कुछ प्रकाशित हुए हैं हम तो उनका ज़िक्र भी नहीं कर सकते मगर उलूम आसमानी और कुरान के भेद की वाक़फ़ीयत के लिए तक़्वा पहली शर्त है इस में सच्ची तौब: की ज़रूरत है ऐसी तौब: जो सच्ची तौबा हो। जब तक इन्सान पूरी विनम्रता और विनय के साथ अल्लाह तआला के आदेशों को ना उठा ले अल्लाह तआला के हुक्मों पर अनुकरण ना करे और इस के प्रताप और ताकत से भयभीत हो कर विनम्रता के साथ ना झुके कुरानी उलूम का दरवाज़ा नहीं खुल सकता और रूह के इन गुणों और कुव्वतों की परवरिश का सामान उस को क़ुरआन शरीफ़ से नहीं मिल सकता जिसको पा कर रूह में एक आन्नद और तसल्ली पैदा होती है।

अत: क़ुरआन करीम के उलूम को समझने के लिए तक़्वा बहुत ज़रूरी है। आपने फ़रमाया कि क़ुरआन शरीफ़ अल्लाह तआला की किताब है और इस के उलूम ख़ुदा के हाथ में हैं। अत: उस के लिए तक़्वा बतौर नर्दबान के है अर्थात सीढ़ी के है। तक्वा जो है बतौर सीढ़ी के है। वह सीढ़ी लगाओगे, तक़्वा की सीढ़ी इस्तेमाल करोगे तो कुरानी उलूम की समझ हासिल होगा। फ़रमाया कि फिर कैसे मुम्किन हो सकता है कि बेईमान शरीर ख़बीस नफ़्स, दुनियावी ख़्वाहिशों के कैदी उनसे लाभांवित हों इस लिए अगर एक मुसलमान मुसलमान कहला कर चाहे वह सर्फ़ तथा नहो मआनी- तथा बदी इत्यादि उलूम का कितना ही बड़ा फ़ाज़िल क्यों ना हो दुनिया की नज़र में शेख़ुल कुल फ़िल अकल बना बैठा हो लेकिन अगर सारे उलूम उस को आते हों ग्रेमर इत्यादि भी आती हो अरबी भाषा भी इस को बड़ी अच्छी आती हो क़ुरआन करीम के अर्थ भी बड़ी अच्छी तरह कर सकता हो लेकिन अगर नफ्स का तज़किया नहीं करता तो क़ुरआन शरीफ़ के उलूम से इस को हिस्सा नहीं दिया जाता। फ़रमाया कि मैं देखता हूँ कि इस वक़्त दुनिया का ध्यान सांसारिक उलूम की तरफ़ बहुत झुका हुआ है और पश्चिमी रोशनी ने सारी दुनिया को अपनी नई ईजादों और आविष्कारों में हैरान कर रखा है मुसलमानों ने भी अगर अपनी फ़लाह और बेहतरी की राह सोची तो बदक़िस्मती से यह सोची है कि वह मग़रिब के रहने वालों को अपना इमाम बना लें दुनिया की तरफ़ पड़ गए हैं और यह तरक़्क़ी जो दुनियावी तरक़्क़ी है उसी को सब कुछ समझने लग गए हैं। फ़रमाया यह तो नई रोशनी के मुसलमानों का हाल है जो लोग पुराने फ़ैशन के मुसलमान कहलाते हैं और अपने आपको धर्म का सहायक समझते हैं उनकी सारी उम्र के ज्ञान का ख़ुलासा यह है और सारंक्ष यह है कि सर्फ तथा नहव के झगड़ों और उलझेड़ों में फंसे हुए हैं और ज़ालीन के लफ़्ज़ पर मर मिटे हैं। इसी बात पर उलझे हुए हैं कि ग्रेमर क्या है अरबी की सर्फ किया है नहव कया है और किस तरह तलफ़्फ़ुज़ सही तरह अदा करना है। फ़रमाया कि क़ुरआन शरीफ़ की तरफ़ बिलकुल ध्यान ही नहीं है और हो क्योंकर जो नफ़स के तज़किया की तरफ़ ध्यान ही नहीं है। अत: आप फ़रमाते हैं कि अहमदियों को इस बात पर ग़ौर करना चाहिए कि सिर्फ दुनिया में ना पड़ जाओ बल्कि क़ुरआन करीम के उलूम को भी हासिल करने की कोशिश करो।

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 425 से 427)

फिर एक अवसर पर एक साहिब ने सवाल किया कि क़ुरआन शरीफ़ किस तरह पढ़ा जाए। आपने फ़रमाया कि क़ुरआन शरीफ़ तदब्बुर और तफ़क्कुर और ग़ौर से पढ़ना चाहिए। हदीस शरीफ़ में आया है कि رُبَّ قَارٍ يَلْعَنُهُ الْقُرْاٰن अर्थात बहुत से ऐसे क़ुरआन करीम के क़ारी होते हैं जिन पर क़ुरआन करीम लानत भेजता है जो आदमी क़ुरआन पढ़ता और इस पर अनुकरण नहीं करता इस पर क़ुरआन मजीद लानत भेजता है। फ़रमाया तिलावत करते वक़्त जब क़ुरआन करीम की

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

आयत रहमत पर गुज़र हो अर्थात कि ज़िक्र हो अल्लाह तआला की रहमत का तो वहां ख़ुदा तआला से रहमत तलब की जाए और जहां किसी क़ौम के अज़ाब का ज़िक्र हो क़ुरआन करीम में" आप फ़रमाते हैं तो वहां ख़ुदा तआला के अज़ाब से ख़ुदा तआला के आगे पनाह की दरख़ास्त की जाए तौबा और इस्तिग़फ़ार की जाए पनाह मांगी जाए अल्लाह तआला से और तदब्बुर और ग़ौर से पढ़ना चाहिए और इस पर अनुकरण किया जाए।

(मल्फूज़ात भाग 9 पृष्ठ 199 से 200)

अत: यह है क़ुरआन करीम पढ़ने का तरीक़। इन दिनों में जब हमें क़ुरआन करीम पढ़ने की तरफ़ ख़ास तवज्जा हुई है तो इस सोच और इस अंदाज़ से पढ़ने की हमें कोशिश करनी चाहिए। फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहि अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं

"मैं तुम्हें सच-सच कहता हूं कि जो मनुष्य क़ुर्आन के सात सौ आदेशों में से एक छोटे से आदेश को भी टालता है वह मुक्ति द्वार को स्वयं अपने लिए बंद करता है। वास्तविक और पूर्ण मुक्ति के मार्ग क़ुर्आन ने प्रदर्शित किए, शेष सभी उसकी तुलना में छाया मात्र थे। अत: तुम क़ुर्आन का पूरी सतर्कता से अध्ययन करो और उससे अत्यधिक प्रेम करो, ऐसा प्रेम जो तुम ने किसी से न किया हो। क्योंकि जैसा ख़ुदा ने मुझे संबोधित करते हुए फ़रमाया-

اَلْخَيْرُ كُلُّهٗ فِي الْقُرْاٰنِ

"अलख़ैरो कुल्लुहू फ़िलक़ुर्आन"

कि समस्त प्रकार की भलाइयां क़ुर्आन में हैं। यही बात सत्य है।" फरमाते हैं "खेद है उन लोगों पर जो किसी अन्य वस्तु को उस पर प्राथमिकता देते हैं।" फरमाया "तुम्हारी सम्पूर्ण सफलता और मुक्ति का स्रोत क़ुर्आन में निहित है। तुम्हारी कोई भी धार्मिक आवश्यकता ऐसी नहीं जिसका समाधान क़ुर्आन में न हो। प्रलय के दिन तुम्हारे ईमान के सच्चे या झूठे होने की कसौटी क़ुर्आन है। आकाश के नीचे क़ुर्आन के अतिरिक्त और कोई पुस्तक नहीं जो किसी अन्य पर निर्भर हुए बिना तुम्हारा पथ-प्रदर्शन कर सके। " कुरआन के मार्ग से गुज़रोगो ते तब ही हिदायत मिलेगी। फरमाया "ख़ुदा ने तुम पर आपार कृपा की है जो क़ुर्आन जैसी पुस्तक तुम्हें प्रदान की। मैं तुम्हें सच-सच कहता हूं कि वह पुस्तक जो तुम्हारे सम्मुख पढ़ी गई यदि ईसाइयों के सम्मुख पढ़ी जाती तो वे तबाह न होते। यह उपकार और पथ-प्रदर्शन जो तुम्हें उपलब्ध किया गया यदि (तौरात) को छोड़ कर यहूदियों को उपलब्ध कराया जाता तो उनके कुछ समूह प्रलय का इन्कार न करते। अत: इस उपकार के महत्त्व को समझो जो तुम्हारे साथ किया गया।" फरमाया कि "यह अति उत्तम उपकार है यह अपार संपत्ति है। यदि क़ुर्आन न आता तो समस्त संसार एक अपवित्र और तुच्छ लोथड़े की भांति था। **क़ुर्आन** वह पुस्तक है जिसके समक्ष सभी पथ-प्रदर्शन तुच्छ हैं।

(कश्ती नूह रूहानी ख़ज़ायन भाग 13 पृष्ठ 26-27)

अत: क़ुरआन करीम पढ़ने उसे समझने और इस की हिदायतों पर अनुकरण करने की तरफ़ हमें खासतौर पर ध्यान देने की ज़रूरत है। रमज़ान में बहुत से लोगों की इस तरफ़ तवज्जा पैदा होती है तो फिर उसे उन्हें अपनी ज़िन्दगी का स्थायी हिस्सा बनाने की ज़रूरत है कि अल्लाह तआला खासतौर पर रमज़ान के महीने में क़ुरआन करीम पढ़ने की तरफ़ जो मोमिनों को तवज्जा दिलाई है तो इस लिए कि इस कोशिशों के महीने से गुज़रते हुए जब हम क़ुरआन करीम की तरफ़ विशेष ध्यान दे रहे होंगे तो फिर आम दिनों में भी इस तरफ़ तवज्जा की आदत पड़ेगी वर्ना अल्लाह तआला की रमज़ान के महीने में क़ुरआन की तरफ़ तवज्जा दिलाने का जो मक़सद है वही फ़ौत हो जाता है। मोमिन तो वही है जो स्थायी रूप से नेकियों को तलाश करता है और उन्हें जारी रखता है। अत: यह महान हिदायत अल्लाह तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के माध्यम से हम तक पहुंचाई है। उसे हमें अपनी हिदायत का माध्यम बनाने की भरपूर कोशिश करनी चाहिए।

